चित्रकूट जनपद के अनुकरणीय परिषदीय विद्यालय

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी की एम०एड० उपाधि के

आंशिक अभिपूर्ति हेतु प्रस्तुत

लघु शोध-प्रबन्ध

वर्ष-2020

शोध पर्यवेक्षक	शोधकर्ता
डॉ० राजीव अग्रवाल	आशुतोष पटवा
(एसोसिएट प्रोफेसर)	अनुक्रमांक-30118183003

शिक्षक-शिक्षा विभाग

अतर्रा पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, अतर्रा (बाँदा)

घोषणा पत्र

मैं यह घोषणा करता हूँ कि एम०एड० उपाधि हेतु प्रस्तुत लघु शोध प्रबन्ध शीर्षक चित्रकूट जनपद के अनुकरणीय परिषदीय विद्यालय: एक अध्ययन मेरा मौलिक कार्य है| जिसे डॉ० राजीव अग्रवाल के सुयोग्य निर्देशन में पूर्ण किया|

मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि इसमें प्रयुक्त तथ्य मेरे द्वारा एकत्र किये गये हैं| मेरी सम्पूर्ण जानकारी के अनुसार इस लघु शोध प्रबन्ध को कहीं अन्यत्र किसी भी उपाधि के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया है|

दिनांक- 28/10/2020 शोधकर्ता

स्थान-अतर्रा

(आशुतोष पटवा)

डॉ० राजीव अग्रवाल
(एसोसिएट प्रोफ़ेसर)

शिक्षक-शिक्षा विभाग
अतर्रा पीजी कॉलेज अतर्रा, बाँदा

यह प्रमाणित किया जाता है कि आशुतोष पटवा द्वारा चित्रकूट जनपद के अनुकरणीय परिषदीय विद्यालय शीर्षक के अन्तर्गत किया गया लघु शोध प्रबन्ध कार्य मेरे मार्गदर्शन तथा निरीक्षण में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी की एम०एड० उपाधि हेतु किया गया कार्य है|

मेरी जानकारी और विश्वास में प्रस्तुत लघु शोध प्रबन्ध शोधार्थी का मौलिक प्रयास है।

दिनांक- 28/10/2020

शोध पर्यवेक्षक

स्थान-अतर्रा

(डॉ० राजीव अग्रवाल)

प्राक्कथन

आज हमारे देश में तथाकथित जागरूक लोग जहाँ चमकीली-भड़कीली, नखरीली-खर्चीली, किन्तु सर्वनाशकारी शिक्षण पद्धति के स्कूलों-कॉलेजों से प्रवाहित भिन्न-भिन्न तरह की डिग्रियां हासिल करने के बहाव में बह रहें हैं, वहीँ परिषदीय विद्यालय उस बहाव के विपरीत दिशा में इत्मीनान से तैर रहें हैं बहाव के विपरीत दिशा में सिर्फ अपनी जान लेकर अकेले तैरना भी निरापद नहीं हैं, जबकि अनुकरणीय परिषदीय विद्यालय पलकों पर तैर रहा है|

धारा के विरुद्ध अन्य विद्यालयों से युद्ध करते हुए अनुकरणीय परिषदीय विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को मानना है की वर्तमान समय की समस्त समस्याओं की जड़ अन्य विद्यालय हैं, जो डिग्रियाँ बांटती हैं और लोगों को स्वार्थी बनाती हैं परिषदीय विद्यालयों शिक्षा के माध्यम से कार्य के अनुरूप अंक पत्र प्रदान करती है|

प्रस्तुत लघु शोध प्रबन्ध का शीर्षक 'चित्रकूट जनपद के अनुकरणीय परिषदीय विद्यालय: एक अध्ययन' है| प्रस्तुत लघु शोध में पाँच अध्यायों में विभाजित किया गया है-

अध्याय विवरण

प्रथम अध्याय में अध्ययन परिचय पर प्रभाव अरिलाक्षित किया गया गया है|

द्वितीय अध्याय में सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण के अन्तर्गत शोध, समाचार, लेखों पर प्रकाश डाला गया है|

तृतीय अध्याय में शोध अध्ययन की प्रक्रिया के अवगत कराया गया है|

चतुर्थ अध्याय में चित्रकूट जनपद के अनुकरणीय परिषदीय विद्यालय के बारे में बताया गया है|

पंचम अध्याय में शोध अध्ययन से सम्बन्धित निष्कर्ष एवं सुझाव को प्रस्तुत किया गया है|

प्रस्तुत शोध कार्य शिक्षा संकाय के एसोसियट प्रोफ़ेसर, **डॉ० राजीव अग्रवाल** जी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ| विद्धत **डॉ० राजीव अग्रवाल** जी ने स्नेह, सहानुभूति, आशीर्वाद, ज्ञान, सतत सक्रीय निर्देशन प्रदान किया जिसके फलस्वरूप मैं यह लघु शोध- प्रबन्ध प्रस्तुत करने में सफल हो सका| वस्तुत: मधुर, सरल व व्यक्तित्व के धनी विदधात गुरुवर जिनसे मुझे लघु शोध की जटिलताओं के निराकरण में महत्वपूर्ण सहायता मिली मैं उनका तहेदिल से आभारी हूँ|

शिक्षा संकाय के समस्त गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ| जिन्होंने मुझे अपना सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया| प्रस्तुत लघुशोध-प्रबन्ध को सम्पन्न कराने में जिन लोगों का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सयोग मिला उनके प्रति भी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ|

आशुतोष पटवा

विषयानुक्रमणिका

चित्र सूची

प्रथम अध्याय

अध्ययन परिचय

- प्रस्तावना
- शिक्षा: विकास की प्रक्रिया
- भारत में शिक्षा का विकास
- प्राथमिक विद्यालय का स्वरूप
- उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालय की स्थिति
- परिषदीय विद्यालयों की समस्याएं
- समस्या का प्रादुर्भाव
- समस्या कथन
- अध्ययन का औचित्य
- समस्या में निहित शब्दों की व्याख्या
- अध्ययन के उद्धेश्य
- अध्ययन का परिसिमांकन
- अध्ययन का महत्त्व एवं सार्थकता

प्रथम अध्याय

अध्ययन परिचय

1.1 प्रस्तावना

मानव को मानवीय गुणों से सुशोभित करने के समस्त संसाधनों में शिक्षा सर्वोत्तम साधन है| वह व्यक्ति में व्यवहारिकता एवं आदर्श का सुन्दर समन्वय करती है परन्तु वर्तमान में प्रचलित शिक्षा प्रणाली भारतीय शिक्षा के मूल भावों से भटक कर पाश्चात्य शिक्षा जगत एवं प्रणाली को अपना रही है| आज के तथाकथित शिक्षित एवं विद्वान भारतीय संस्कृति के मूल भावना को नहीं समझा पा रहे है| जब अपनी शिक्षा प्रणाली में हम भारतीय दर्शन, संस्कृति एवं भारतीय विद्वानों के शैक्षिक विचारों को कोई स्थान नहीं देते तो भारत की शिक्षा उन उच्च आदर्शों से अप्राणित कैसे हो सकती है जो भारत को भारत बनाती है|

आज की शिक्षा को केवल ज्ञान देने का साधन माना जा रहा है परन्तु शिक्षा जब तक जीवन के मूल्यों, आदर्शों एवं मान्यताओं का परिचय नहीं देती तब तक वह शिक्षा नहीं कही जा सकती| इस सम्बन्ध में महान विचारक डॉ. राधाकृष्णनजी नेकहा है- "शिक्षा सूचना प्रदान करने एवं कौशलों का प्रशिक्षण देने तक सीमित नहीं है| इसे शिक्षित व्यक्ति को मूल्य का विचार भी प्रदान करना है| वैज्ञानिक एवं तकनीकी व्यक्ति भी नागरिक है अत: जिस समुदाय में वे रहते है उस समुदाय के प्रति भी उनका सामाजिक उत्तदायित्व है|"

आज भारत में फैली सामाजिक बुराइयों, नैतिकता का ह्रास, अनुशासनहीनता, मूल्यों का ह्रास आदि समस्याओं का हल हमारी व्यवस्था में सुधार लाकर ही किया जा सकता है, इसके लिए शिक्षा प्रणाली में भारत की जनता की आवश्यकता एवं आकांक्षा के अनुरूप बदलाव लाना होगा| हमारी भारतीय आर्य परंपरा में विद्या प्राप्ति की मुख्य व्यवस्था के रूप में गुरूकुलम एवं पाठशालाएं केंद्र स्थान पर थे| आज 200 वर्ष पहले तक जिस प्रकार की उत्तम शिक्षा भारत में दी जाती थी, वैसी विश्व के किसी देश में नहीं दी जाती थी| अंग्रेजों के आगमन से पहले शिक्षा और विद्या के क्षेत्र में भारत दुनिया के देशों में सबसे अग्रणी था| मनुष्य के आतंरिक गुणों को उजागर करके उसके दोषों का निर्मूलन करने वाली महान भारतीय शिक्षा प्रणाली को विदेशी आक्रमणों का कुठाराघात सहना पड़ा|
ध्वस्त हुई प्राचीन शिक्षा प्रणाली को पुन: जीवित किये बिना भारतीय प्रजा एवं संस्कृति का समुद्वार असम्भव है| अत: इस परम्परा को पुन: प्रस्थापित करना अति आवश्यक है तभी, मैकाले शिक्षा के दुष्प्रभाव से हमारी आज जो दुर्दशा हुई, उससे हम को बचा पायेंगे|

1.1.1 शिक्षा: विकास की प्रक्रिया

शिक्षा ही मानव विकास का मूल आधार है| शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य अपनी शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक एवं आध्यात्मिक शक्तियों को अनुशासित करता है| इस प्रकार मनुष्य के स्वानुशासन के विकास में 'शिक्षा' का महत्वपूर्ण स्थान है| जब से बालक इस संसार में जन्म लेता है, तभी से वह वातावरण के साथ अनुकूलन स्थापित करना प्रारम्भ कर देता है| वातावरण एवं पर्यावरण के साथ अनुकूलन स्थापित करने में शिक्षा की महती भूमिका होती है, प्रारम्भिक अवस्था में बालक की सीखने की गति प्राय: कम होती है| धीरे-धीरे जब बच्चा बड़ा होता है, तो वह वातावरण से कुछ नए अनुभव अर्जित करता है, और उसके फलस्वरूप उसका व्यवहार परिवार एवं समाज तथा समुदाय के अनुकूल हो जाता है| बालक के अनुभव का यह क्रम दिन-प्रतिदिन बढ़ता है जिसके परिणाम स्वरूप उसका व्यवहार संयमित होने लगता है| शिक्षा के द्वारा ही एक असभ्य, अविकसित, अपरिपक्व मानव, सुरभ्य एवं सुविकसित इंसान के रूप में परिवर्तित हो जाता है|

शिक्षा केवल मानव जाति के व्यवहार में परिवर्तन लाने तक ही सीमित नहीं है, अपितु उनका चारित्रिक विकास भी करती है| संसार के अन्य प्राणियों की अपेक्षा मनुष्य पर शिक्षा का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक होता है, क्योंकि मनुष्य एक विवेकशील एवं बुद्धिमान प्राणी है| शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य के पशुवत व्यवहार में परिवर्तन करके, उसे एक सामाजिक प्राणी बनाया जाता है| सामाजिक प्राणी बनाने की प्रक्रिया में परिवार, विद्यालय, समाज और समुदाय बालक की सहायता करते हैं| बालक की शिक्षा के विकास में प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च स्तर के अलग-अलग कार्यक्रम निर्धारित किए जाते हैं जिससे बालक के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य की प्राप्ति आसानी से की जा सके| बालक की शिक्षा में उच्च शिक्षा अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है| उच्च शिक्षा स्तर पर ही बालक की शैक्षिक, व्यवसायिक एवं सामाजिक परिपक्वता की प्राप्ति होती है, जो उसके आगे आने वाले भविष्य की दिशा निर्धारित करती है|
समाज की आर्थिक व्यवस्था चार प्रकार की श्रेणियों में विभक्त रही है| ब्राह्मण वर्ग से अपेक्षा की जाती थी कि वह समुदाय को पुरोहित, चिंतक, लेखक, विधायक, धार्मिक नेता तथा पथ प्रदर्शक देंगे| क्षत्रिय वर्ण समाज को योद्धा, शासक, प्रशासक देंगे| वैश्य समाज को उत्पादक, कृषक, शिल्पकार व्यापारी देंगे| शूद्र छोटे-छोटे कार्यों के लिए भृत्यों या नौकरी की आपूर्ति करते थे| इस प्रकार की प्रणाली में धर्म, चिंतन तथा विद्या को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया| सामाजिक व्यवस्था जन्म के आधार पर नहीं, अपितु व्यक्ति की क्षमता वह आतंरिक व्यवस्था के आधार पर निर्धारित की गयी| वर्णों के आधार पर तदानुरूप चार पुरुषार्थ स्थापित किए गए, जो उस समय की दार्शनिक सोच के द्योतक है| ब्राह्मण-मोक्ष, क्षत्रिय-काम, वैश्य-अर्थ, शूद्र-धर्म| कालांतर में यही वर्ण व्यवस्था जाति व्यवस्था में परिणत हुई, तथा जातीय संघर्ष का जन्म हुआ| जो आज की प्रायोगिक युग में भी यह संघर्ष उच्च स्तर पर विद्यमान है, चाहे वह राजनीति में ही हो, शिक्षा में हो या शासन में हो, यह राष्ट्र निर्माण में बाधा स्वरूप है| इस सामाजिक विघटन को दूर करने के लिए समाज में ऐसी शिक्षा का होना नितांत आवश्यक है, जो हमें संकीर्ण सोच से ऊपर उठाकर वैश्विक स्तर तक पहुँचा सके,

और इस प्रायोगिक युग में सकारात्मक सोच का विकास कर सके| वर्तमान समय में उच्च शिक्षा की जो स्थिति है उसमे कुशल शिक्षक के साथ वर्तमान तकनीकी भी महत्वपूर्ण भूमिका में होती है, क्योंकि उच्च शिक्षा के सन्दर्भ में भारत की स्थिति अभी निराशाजनक है|

1.1.2 भारत में शिक्षा का विकास

भारत में शिक्षा के प्रति रुझान प्राचीन काल से ही देखने को मिलता है| प्राचीन काल में गुरुकुलों, आश्रमों तथा बौद्ध मठों में शिक्षा ग्रहण करने की व्यवस्था होती थी| तत्कालीन शिक्षा केन्द्रों में नालन्दा, तक्षशिला एवं बल्लभी की गणना की जाती है| मध्यकालीन भारत में शिक्षा मदरसों में प्रदान की जाती थी| मुग़ल शासकों ने दिल्ली, अजमेर, लखनऊ एवं आगरा में मदरसों का निर्माण करवाया| भारत में आधुनिक व पाश्चात्य शिक्षा की शुरुआत ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के शासन काल से हुई|

1.1.2.1 प्राचीन काल में शिक्षा

भारत की प्राचीन शिक्षा अध्यात्मिकता पर आधारित थी। शिक्षा, मुक्ति एवं आत्मबोध के साधन के रूप में थी। यह व्यक्ति के लिये नहीं बल्कि धर्म के लिये थी। भारत की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक परम्परा विश्व इतिहास में प्राचीनतम है। डॉ॰ अल्टेकर के अनुसार,"वैदिक युग से लेकर अब तक भारतवासियों के लिये शिक्षा का अभिप्राय यह रहा है कि शिक्षा प्रकाश का स्रोत है तथा जीवन के विभिन्न कार्यों में यह हमारा मार्ग आलोकित करती है"। प्राचीन काल में शिक्षा को अत्यधिक महत्व दिया गया था। भारत 'विश्वगुरु' कहलाता था। विभिन्न विद्वानों ने शिक्षा को प्रकाशस्रोत, अन्तर्दृष्टि, अंतर्ज्योति, ज्ञानचक्षु और तीसरा नेत्र आदि उपमाओं से विभूषित किया है। उस युग की यह मान्यता थी कि जिस प्रकार अन्धकार को दूर करने का साधन प्रकाश है, उसी प्रकार व्यक्ति के सब संशयों और भ्रमों को दूर करने का साधन शिक्षा है। प्राचीन काल में इस बात पर बल दिया गया कि शिक्षा व्यक्ति को जीवन का यथार्थ दर्शन कराती है। तथा इस योग्य बनाती है कि वह भवसागर की बाधाओं को पार करके अन्त में मोक्ष को प्राप्त कर सके जो कि मानव जीवन का चरम लक्ष्य है।

प्राचीन भारत की शिक्षा का प्रारंभिक रूप हम ऋग्वेद में देखते हैं। ऋग्वेद युग की शिक्षा का उद्देश्य था, तत्व साक्षात्कार। ब्रह्मचर्य, तप और योगाभ्यास से तत्व का साक्षात्कार करनेवाले ऋषि, विप्र, वैघस, कवि, मुनि, मनीषी के नामों से प्रसिद्ध थे। साक्षात्कार तत्वों का मंत्रों के आकार में संग्रह होता गया वैदिक संहिताओं में, जिनका स्वाध्याय, सांगोपांग अध्ययन, श्रवण, मनन औरनिदिध्यासन वैदिक शिक्षा रही।
विद्यालय 'गुरुकुल', 'आचार्यकुल', 'गुरुगृह' इत्यादि नामों से विदित थे। आचार्य के कुल में निवास करता हुआ, गुरुसेवा और ब्रह्मचर्य व्रतधारी विद्यार्थी षडंग वेद का अध्ययन करता था। शिक्षक को 'आचार्य' और 'गुरु' कहा जाता था और

विद्यार्थी को ब्रह्मचारी, व्रतधारी, अंतेवासी, आचार्यकुलवासी। मंत्रों के द्रष्टा अर्थात् साक्षात्कार करनेवाले ऋषि अपनी अनुभूति और उसकी व्याख्या और प्रयोग को ब्रह्मचारी, अंतेवासी को देते थे। गुरु के उपदेश पर चलते हुए वेद ग्रहण करने वाले व्रतचारी श्रुतर्षि होते थे। वेदमंत्र कंठस्थ किए जाते थे। आचार्य स्वर से मंत्रों का परायण करते और ब्रह्मचारी उनको उसी प्रकार दोहराते चले जाते थे। इसके पश्चात् अर्थबोध कराया जाता था। ब्रह्मचर्य में चले जाते थे। इसके पश्चात् अर्थबोध कराया जाता था। ब्रह्मचर्य का पालन सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य था। स्त्रियों के लिए भी आवश्यक समझा जाता था। आजीवन ब्रह्मचर्य पालन करनेवाले विद्यार्थी को नैष्ठिक ब्रह्मचारी कहते थे। ऐसी विद्यार्थिनी ब्रह्मवादिनी कही जाती थी।

यज्ञों का अनुष्ठान विधि से हो, इसलिए उद्गाता, अध्वर्यु और ब्रह्मा को आवश्यक शिक्षा दी जाती थी। वेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, छन्द, ज्योतिष और निरुक्त उनके पाठ्य होते थे। पाँच वर्ष के बालक की प्राथमिक शिक्षा आरम्भ कर दी जाती थी। गुरुगृह में रहकर गुरुकुल की शिक्षा प्राप्त करने की योग्यता उपनयन संस्कार से प्राप्त होती थी। 8 वें वर्ष में ब्राह्मण बालक के, 11 वें वर्ष में क्षत्रिय के और 12 वें वर्ष में वैश्य के उपनयन की विधि थी। अधिक से अधिक यह 16, 22 और 24 वर्षों की अवस्था में होता था। ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए विद्यार्थी गुरुगृह में 12 वर्ष वेदाध्ययन करते थे। तब वे स्नातक कहलाते थे। समापवर्तन के अवसर पर गुरुदक्षिणा देन की प्रथा थी। समावर्तन के पश्चात् भी स्नातक स्वाध्याय करते रहते थे। नैष्ठिक ब्रह्मचारी आजीवन अध्ययन करते थे। समावर्तन के सम ब्रह्मचारी दण्ड, कमण्डलु, मेखला, आदि को त्याग देते थे। ब्रह्मचर्य व्रत में जिन जिन वस्तुओं का निषेध था अब से उनका उपयोग हो सकता था। प्राचीन भारत में किसी प्रकार की परीक्षा नहीं होती थी और न ही कोई उपाधि दी जाती थी। नित्य पाठ पढ़ाने के पूर्व ब्रह्मचारी ने पढ़ाए हुए पृष्ठ को समझा है और उसका अभ्यास नियम से किया है या नहीं, इसका पता आचार्य लगा लेते थे। ब्रह्मचारी अध्ययन और अनुसन्धान में सदा लगे रहते थे तथा बाद विवाद और शास्त्रार्थ में सम्मिलित होकर अपनी योग्यता का प्रमाण देते थे।

1.1.2.2 मध्यकाल में शिक्षा

भारत में मुस्लिम राज्य की स्थापना होते ही, इस्लामी शिक्षा का प्रसार होने लगा। फारसी जानने वाले ही सरकारी कार्य के योग्य समझे जाने लगे। हिन्दू, अरबी और फारसी पढ़ने लगे। बादशाहों और अन्य शासकों की व्यक्तिगत रुचि के अनुसार इस्लामी आधार पर शिक्षा दी जाने लगी। इस्लाम के संरक्षण और प्रचार के लिए मस्जिदें बनती गयी, साथ ही मकतबों, मदरसों और पुस्तकालयों की स्थापना होने लगी। मकतब प्रारम्भिक शिक्षा के केन्द्र होते थे और मदरसे उच्च शिक्षा के। मकतबों की शिक्षा धार्मिक होती थी। विद्यार्थी कुरान के कुछ अंशों का कण्ठस्थ करते थे। वे पढ़ना, लिखना, गणित, अर्जीनवीसी और चिट्ठीपत्री भी सीखते थे। इनमें हिन्दू बालक भी पढ़ते थे।

मकतबों में शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी मदरसों में प्रविष्ट होते थे। यहाँ धार्मिक प्रधानता की शिक्षा दी जाती थी। साथ-साथ इतिहास, साहित्य, व्याकरण, तर्कशास्त्र, गणित, कानून इत्यादि की पढ़ाई होती थी। सरकार शिक्षकों को नियुक्त करती थी। कहीं-कहीं प्रभावशाली व्यक्तियों के द्वारा भी उनकी नियुक्ति होती थी। अध्यापन फारसी के माध्यम से होता था। अरबी मुसलमानों के लिए अनिवार्य पाठ्य विषय था। छात्रावास का प्रबन्ध किसी किसी मदरसे में होता था। दरिद्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिलती थी। अनाथालयों का संचालन होता था। शिक्षा नि:शुल्क थी। हस्तलिखित पुस्तकें पढ़ी और पढ़ाई जाती थीं। राजकुमारों के लिए महलों के भीतर शिक्षा का प्रबन्ध था। राज्यव्यवस्था, सैनिक संगठन, युद्ध संचालन, साहित्य, इतिहास, व्याकरण, कानून आदि का ज्ञान गृह शिक्षक से प्राप्त होता था। राजकुमारियाँ भी शिक्षा पाती थी। शिक्षकों का बड़ा सम्मान था। वे विद्वान् और सच्चरित्र होते थे। छात्र और शिक्षकों को आपसी सम्बन्ध प्रेम और सम्मान का था। सादगी, सदाचार, विद्या प्रेम और धर्माचरण पर जोर दिया जाता था। कंठस्थ करने की परम्परा थी। प्रश्नोत्तर, व्याख्या और उदाहरणों द्वारा पाठ पढ़ाए जाते थे। कोई परीक्षा नहीं थी। अध्ययन अध्यापन में प्राप्त अवसरों में शिक्षक छात्रों की योग्यता और विद्वत्ता के विषय में तथ्य प्राप्त करते थे। दण्ड प्रयोग किया जाता था। जीविका उपार्जन के लिए भी शिक्षा दी जाती थी। दिल्ली, आगरा, बीदर, जौनपुर, मालवा मुस्लिम शिक्षा के केंद्र थे। मुसलमान शासकों के संरक्षण के अभाव में भी संस्कृत काव्य, नाटक, व्याकरण, दर्शन ग्रंथों की रचना और उनका पठन-पाठन बराबर होता रहा।

1.1.2.3 आधुनिक काल में शिक्षा

भारत में आधुनिक शिक्षा की नींव यूरोपीय ईसाई धर्मप्रचारक तथा व्यापारियों के हाथों से डाली गई। उन्होंने कई विद्यालय स्थापित किए। प्रारम्भ में मद्रास ही उनका कार्यक्षेत्र रहा। धीरे-धीरे कार्यक्षेत्र का विस्तार बंगाल में भी होने लगा। इन विद्यालयों में ईसाई धर्म की शिक्षा के साथ-साथ इतिहास, भूगोल, व्याकरण, गणित, साहित्य आदि विषय भी पढ़ाए जाते थे। रविवार को विद्यालय बन्द रहता था। अनेक शिक्षक छात्रों की पढ़ाई अनेक श्रेणियों में कराते थे। अध्यापन का समय नियत था। साल भर में छोटी-बड़ी अनेक छुट्टियाँ हुआ करती थीं।

150 वर्षों के बीतते-बीतते व्यापारी ईस्ट इंडिया कम्पनी राज्य करने लगी। विस्तार में बाधा पड़ने के डर से कम्पनी शिक्षा के विषय में उदासीन रही। फिर भी विशेष कारण और उद्देश्य से 1780 में कलकत्ता में 'कलकत्ता मदरसा' और 1791 में बनारस में 'संस्कृत कालेज' कम्पनी द्वारा स्थापित किए गए। धर्मप्रचार के विषय में भी कम्पनी की पूर्वनीति बदलने लगी। कम्पनी अब अपने राज्य के भारतीयों को शिक्षा देने की आवश्यकता को समझने लगी। 1813 के आज्ञापत्र के अनुसार शिक्षा में धन व्यय करने का निश्चय किया गया। किस प्रकार की शिक्षा दी जाए, इसपर प्राच्य और पाश्चात्य शिक्षा के समर्थकों में मतभेद रहा। वाद विवाद चलता चला। अन्त में लार्ड मैकाले के तर्क वितर्क और राजा राममोहन राय के समर्थन से प्रभावित हो 1835 ई. में लार्ड बेंटिक ने निश्चय किया कि अंग्रेजी भाषा और साहित्य और यूरोपीय इतिहास,

विज्ञान, इत्यादि की पढ़ाई हो और इसी में 1813 के आज्ञापत्र में अनुमोदित धन का व्यय हो। प्राच्य शिक्षा चलती चले, परन्तु अंग्रेजी और पश्चिमी विषयों के अध्ययन और अध्यापन पर जोर दिया जाए।

1.1.2.3.1 उद्देश्य

देश के विकास के लिए मानवीय संसाधनों को विकसित करना आवश्यक होता है मानवीय संसाधनों के विकास का महत्वपूर्ण कार्य शिक्षा द्वारा ही सम्भव किया जाता है| मानवीय संसाधनों के विकास की दृष्टि से आधुनिक शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है यह एक शक्तिशाली माध्यम है|

आधुनिक कालीन शिक्षा प्रणाली के प्रमुख उद्देशय निम्नवत है-

- प्राचीन मर्यादाओं का सम्मान करते हुए नयी मान्यताओं एवं विचारधाराओं के अग्रदूतों को तैयार करना|
- लोकतान्त्रिक आदर्शों की सुरक्षा करना तथा व्यक्ति एवं समाज में सामंजस्य स्थापित करना|
- सामाजिक कुरीतियों की मुक्ति में सहायता प्रदान करना|
- सत्य के परिप्रेक्ष्य में नविन ज्ञान की खोज करना, पुराने ज्ञान और पुराने विश्वासों की नयी आवश्यकताओं और खोजो के प्रकार में व्याख्या करना|
- व्यक्तियों में जन्मजात गुणों की खोज करना तथा प्रशिक्षण के माध्यम से उनका विकास करना|
- राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप जनशक्ति तथा जाति की सामाजिक आकाँक्षाओं की पूर्ति के लिए आधुनिक शिक्षा पप्रणाली का प्रसार करना|
- भारत में एसी विभूतियों को तैयार करना जो राजनीतिक, प्रशासन, व्यवसाय, उद्योग एवं वाणिज्य आदि के क्षेत्रों में स्वस्थ प्रतिनाधित्व कर सकें|

1.1.2.3.2 स्वरूप

किसी भी राष्ट्र अथवा समाज में शिक्षा सामाजिकनियन्त्रण, व्यक्तित्व निर्माण तथा सामाजिक व आर्थिक प्रगति का मापदण्ड होती है| भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली ब्रिटिश प्रतिरूप पर आधारित है सन 1835 ई. में लागू किया गया था| जिस तीव्र गति से भारत के सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक परिद्रश्य में बदलाव आ रहा है उसे देखते हुए यह आवश्यक है की हम देश की शिक्षा प्रणाली की पृष्ठभूमि उद्देश्य चुनौतियों तथा संकट पर गहन अवलोकन करें|

1835 में जब वर्तमान शिक्षा प्रणाली की नीव रखी गई थी तब लार्ड मैकाले ने स्पष्ट शब्दों में कहा था की अंग्रेजी शिक्षा का उद्देश्य भारत में प्रशासन के लिए बिचौलियों की भूमिका निभाने तथा सरकारी कार्य के लिए भारत के विशिष्ट लोहों

को तैयार करना हैं| इसके फलस्वरूप एक सदी तक अंग्रेजी शिक्षा के प्रयोग में लाने के बाद भी 1935 में भारत की साक्षरता 10% के आंकडे को भी पार नही कर पाई| सतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की साक्षरता मात्र 13% ही थी|
इस शिक्षा प्रणाली ने उच्च वर्गों को भारत के शेष समाज में पृथक रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई| लगभग पिछले 200 वर्षों की भारतीय शिक्षा प्रणाली के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है की यह शिक्षा नगर और उच्च वर्ग केन्द्रीय, श्रम तथा बौद्धिक कार्यों से रहित थी|

1.1.3 प्राथमिक विद्यालय का स्वरूप

1.1.3.1 परिषदीय विद्यालय

सरकारी स्कूलों को देश की सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। यह राष्ट्रीय स्तर या राज्य स्तर पर हो सकता है सरकारी स्कूलों में कम शुल्क संरचना होती है क्योंकि उन्हें राज्य और संघीय सरकारों द्वारा अनुदान और वित्त पोषित किया जाता है।

1.1.3.2 निजी विद्यालय

निजी स्कूल एक निजी संगठन या एनजीओ द्वारा वित्त पोषित एक स्कूल है पहली नज़र में, यह सभी के लिए स्पष्ट है कि निजी स्कूलों में अधिक सुविधाएं, बेहतर उपकरण और भवन हैं, लेकिन सरकार के स्कूलों की तुलना में भारी अध्ययन लोड है।

1.1.3.3 मिशनरी विद्यालय

मिशनरी विद्यालयों में ईसाई धर्म की शिक्षा दी जाती थी लेकिन अब इनमे काफी सुधार आया है, इन विद्यालयों में पहली वरीयता अंग्रेजी भाषा को दी जाती है|

1.1.3.4 मदरसा

मदरसा किसी भी प्रकार के शैक्षिक संस्थान के लिए अरबी शब्द है, चाहे धर्मनिरपेक्ष या धार्मिक (किसी भी धर्म का), और स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय शब्द अलग तरह से प्रयोग होता है। शब्द मदरसा अलग-अलग तरीके से लिप्यंतरित है, मदरसा, मेडरेसा, मदरसा, मदरज़ा, मेडरेस आदि। पश्चिम में, शब्द आमतौर पर एक विशेष प्रकार के धार्मिक स्कूल को संदर्भित करता है, हालांकि इस अध्ययन का एकमात्र विषय नहीं हो सकता है। भारत जैसे देशों में, मदरसा के सभी छात्र मुसलमान नहीं हैं; एक आधुनिक पाठ्यक्रम भी है।

1.1.3.5 संस्कृत विद्यालय

संस्कृत विद्यालय वे विद्यालय होते जिसमे मूल रूप संस्कृत की शिक्षा दी जाती|

1.1.4 उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों की स्थिति

21वीं शताब्दी की वैश्विक अर्थव्यवस्था ऐसे वातावरण में उन्नति कर सकती है, जो रचनात्मकता एवं काल्पनिकता, विवेचनात्मक सोच और समस्या के समाधान से संबंधित कौशल पर आधारित हो। अनुभवमूलक विश्लेषण शिक्षा और आर्थिक उन्नति के मध्य सुदृढ़ सकारात्मक सम्बन्ध होते हैं। भारत में स्कूल जाने वालों की आयु 6-18 वर्ष के मध्य की 30.5 करोड़ की (2011 की जनगणना के अनुसार) की विशाल जनसंख्या है, जो कुल जनसंख्या का 25% से अधिक है। यदि बच्चों को वास्तविक दुनिया का आत्मविश्वास से सामना करने की शिक्षा दी जाए तो भारत में इस जनसांख्यिकीय हिस्से की संपूर्ण सामर्थ्य का अपने लिये उपयोग करने की क्षमता है।

1.1.4.1 शिक्षकों की स्थिति

जहां बच्चे विद्यालयी शिक्षा का केंद्र होते हैं, बच्चों में ज्ञानार्जन सुनिश्चित करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका एक अध्यापक की होती है। सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत के साथ ही आरम्भिक कक्षाओं में अध्यापकों के 19.48 लाख पदों का सृजन किया गया है, इन पदों के लिये अध्यापकों की नियुक्ति से छात्र-शिक्षक अनुपात में 42:1 से 24:1 का सुधार हुआ है। यद्पि अब भी ऐसे विद्यालय है, जिनमें अध्यापक केवल एक हो या उनकी संख्या अपर्याप्त हो। इसके लिये राज्य सरकारों को अध्यापकों के एक समान वितरण के लिये नियोजन करने की आवश्यकता है, एवं सेवानिवृत्त होने वाले अध्यापकों के स्थान पर दक्ष अध्यापकों की नियुक्ति के लिये एक वार्षिक कार्यक्रम रखा जाना चाहिये। वर्तमान में सरकारी विद्यालयों में नियमित अध्यापकों में से 85% व्यावसायिक रूप से योग्यता संपन्न हैं। 20 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सभी अध्यापकों के पास अपेक्षित योग्यता है। सरकार आगामी 2-3 वर्षो तक शेष 16 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के सभी अध्यापकों का पूर्णतया दक्ष होना सुनिश्चित करने के लिये तमाम कदम उठा रही है। मंत्रालय द्वारा वर्ष 2013 में करवाए गए एक अध्ययन के परिणामों के अनुसार, अध्यापकों की औसत उपस्थिति लगभग 83% थी। इसको बढ़ोतरी कर 100% तक लाने की आवश्यकता है।

1.1.4.2 छात्र नामांकन

ग्रामीण परिवेश के लोगों को शिक्षा देना और उन्हें शिक्षा लेने के तैयार करना शाब्दिक रूप से जितना सरल प्रतीत होता है, व्यवहारिक रूप से उतना ही दुष्कर कार्य है। आंकड़े बताते हैं कि सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों का नामांकन लगातार घट रहा है, और बेसिक शिक्षा विभाग लाख कोशिश के बावजूद नामांकन बढ़ाने में असफल रहा है। अगर कुल

नामांकन पर गौर करें तो आप पाएंगे कि छात्र संख्या सरकारी विद्यालय से निजी विद्यालय की तरफ शिफ्ट हो रही है, और यह भारत के समृद्ध होने का प्रतीक है।

1.1.4.3 पाठ्यक्रम

शिक्षण में एक मुख्य पाठ्यक्रम, एक पाठ्यक्रम अथवा अध्ययन का कोर्स होता है, जिसकी भूमिका को केंद्रीय माना जाता है, तथा जिसे आमतौर पर एक स्कूल या स्कूल पद्धति के सभी छात्रों के लिए अनिवार्य रूप से लागू किया जाता है। हालांकि, हमेशा ही ऐसा नहीं होता है। उदाहरण के लिए, कोई स्कूल संगीत संबंधी कक्षा को अनिवार्य कर सकता है, लेकिन यदि छात्र यदि आर्केस्ट्रा, बैंड, कोरस इत्यादि जैसी, किसी प्रदर्शन संबंधी संगीत में भाग लेते हैं, तो वे इससे बाहर रहने का चुनाव कर सकते हैं। प्रमुख (कोर) पाठ्यक्रम को अक्सर प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर पर स्कूली बोर्ड, शिक्षा विभाग या शिक्षा का कार्य देखने वाली अन्य प्रशासनिक संस्थाओं द्वारा स्थापित कर दिया जाता है।

1.1.4.4 विद्यालय भवन

बेसिक शिक्षा परिषद के जिले में स्थित 269 विद्यालय भवन खस्ताहाल स्थिति में हैं। कहीं बरसात में छत से पानी टपकता है तो कई भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं। इस बात का खुलासा विभागीय मुख्यालय के निर्देश पर हुई जाँच में हुआ है|

1.1.5 परिषदीय विद्यालयों की समस्याएं

विद्यालय में अध्ययनरत छात्र और छात्राएं अव्यवस्थाओं के बीच पठन-पाठन का कार्य करने को मजबूर हैं। पूरे विद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई न होने के कारण जगह-जगह कूड़े करकट का अंबार लगा हुआ है। विद्यालय परिसर में बालक और बालिकाओं के लिए निर्मित शौचालय भवन में हमेशा ताला लटकता रहता है, जिससे बच्चों को मजबूर होकर खुले में शौच जाना पड़ता है। विद्यालय प्रांगण में ही मौजूद पूर्व माध्यमिक विद्यालय बस्ती का नवनिर्मित शौचालय देखरेख के अभाव में पूर्णतया क्षतिग्रस्त होकर निष्क्रिय बना हुआ है। जिसका उपयोग बच्चों के शौच क्रिया करने के बजाय विद्यालय परिसर से निकले हुए कूड़ा करकट को रखने के उपयोग में किया जा रहा है। शौचालय के दरवाजे टूटे हुए हैं, अंदर काफी मात्रा में कूड़ा भरा हुआ है। यहाँ भी बच्चों को शौच के लिए बाहर खुले में जाना पड़ता है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत सभी परिषदीय विद्यालयों में लाखों रुपए की लागत से शौचालय का निर्माण कराया गया था, कि बच्चों को खुले में शौच न जाना पड़े लेकिन विद्यालय प्रशासन व सम्बन्धित सफाई कर्मी की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाने के साथ ही कहीं न कहीं भवनों के दुर्दशा से सरकारी राजस्व को भी क्षति पहुंचाई जा रही है। बच्चों के खुले शौच जाने से जहां एक तरफ वातावरण दूषित हो रहा

है,वहीं दूसरी तरफ बच्चों में संक्रामक बीमारियों के होने का खतरा भी उत्पन्न हो रहा है। कायाकल्प योजना के तहत विद्यालय भवन की रंगाई पुताई व वॉल पेंटिंग का कार्य अभी तक नहीं कराया गया है और न ही भवन की फर्श पर टाइल्स लगवाई गई है।

1.1.6 चित्रकूट जनपद में परिषदीय विद्यालय की स्थिति

बेसिक शिक्षा में सुधार को लेकर चिंतित मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि स्कूल में बच्चे नहीं आएंगे तो शिक्षकों का भी मतलब नहीं है। शिक्षक यदि जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे तो विद्यालय में पढ़ने के लिए स्वत: बच्चे नाम लिखाने पहुंचेंगे। सदर ब्लाक व मानिकपुर ब्लाक क्षेत्र के तमाम विद्यालयों में उपस्थिति सामान्य से भी कम होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई।

1.2 समस्या का प्रादुर्भाव

हम सभी जानते हैं कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली ने राष्ट्र को ऐसे घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है जहाँ केवल पेट की पूर्ति दिखाई देती है| इस शिक्षा प्रणाली में देश के को अन्धकार में ले जाकर नाश के कगार पर खड़ा कर दिया है| शिक्षा के स्तर दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है इनके बीच तनाव ही तनाव देखने को मिलता है| ऐसे में भारत के हित एवं उत्कर्ष के लिए सबसे जरूरी है कि देशभर के परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा प्रणाली में सुधार लाया जाए| क्या हम सब शिक्षा प्रणाली में रुचि लेते हैं इस प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने हेतु मेरे द्वारा यह शोध प्रबन्ध विषय वस्तु लेने की इच्छा जागृत हुई और फलस्वरुप में इस शोध कार्य के प्रगति हेतु अग्रसर हुआ|

1.3 समस्या कथन

‘चित्रकूट जनपद के अनुकरणीय परिषदीय विद्यालय: एक अध्ययन’

1.4 अध्ययन का औचित्य

शिक्षा जीवन के अत्यंत महत्वपूर्ण है| उचित शिक्षा में मूल्यवान समाज का निर्माण सम्भव है| शिक्षा से ही हम ज्ञानात्मक परम्परा को आगे बढ़ाते है| शिक्षक एवं शिक्षा की प्रक्रिया को इस बात के प्रति सावधानी बरतनी होगी कि शिक्षा के नाम पर हमें पूर्वाग्रहों और अवधारणाओं को बालक के मन में रोककर उनकी स्वतन्त्रता की को सीमित ना करें| शिक्षा का उद्देश्य है सही रिश्तों की स्थापना शिक्षक, विद्यार्थी और समाज के प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को पहचाने, स्वयं की पहचान के साथ जीवन की समग्रता को समझे| किसी भी राष्ट्र या समाज को ऊपर उठाने का श्रेय शिक्षा को जाता है| इसी में परिषदीय विद्यालय की शिक्षा में सुधार किया जा सकता है|

लघु शोध कार्य चित्रकूट जनपद के अनुकरणीय परिषदीय विद्यालयों पर आधारित है, जिसमें विद्यालय की विशिष्टताओं का वर्णन किया गया है, जो वर्तमान शिक्षा की पद्धति में सुधार कर समृद्ध भारत को पुनर्जागरण का शंखनाद करते हैं|

1.5 समस्या में निहित शब्दों की व्याख्या

1.5.1 चित्रकूट

चित्रकूट भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश का एक जिला है। चित्रकूट धाम इसका मुख्यालय है। क्षेत्रफल- 3,164 वर्ग कि॰मी॰, जनसंख्या- 9,91,697(2011जनगणना), साक्षरता-65.05%, एस॰टी॰डी॰कोड- 05198

उत्तर प्रदेश में 6 मई 1997 को बाँदा जनपद से काट कर छत्रपति शाहू जी महाराज नगर के नाम से नए जिले का सृजन किया गया जिसमे कर्वी तथा मऊ तहसीलें शामिल थीं। कुछ समय बाद, 4 सितंबर 1998 को जिले का नाम बदल कर चित्रकूट कर दिया गया। यह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्यों में फैली उत्तरी विंध्य श्रृंखला में स्थित है। यहाँ का बड़ा हिस्सा उत्तर प्रदेश के चित्रकूट और मध्य प्रदेश के सतना जनपद में शामिल है। यहाँ प्रयुक्त "चित्रकूट" शब्द, इस क्षेत्र के विभिन्न स्थानों और स्थलों की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक विरासत का प्रतीक है। प्रत्येक अमावस्या में यहाँ विभिन्न क्षेत्रों से लाखों श्रृद्धालु एकत्र होते हैं। सोमवती अमावस्या, दीपावली, शरद-पूर्णिमा, मकर-संक्रांति और राम नवमी यहाँ ऐसे समारोहों के विशेष अवसर हैं। एक शांत और सुंदर आध्यात्मिक स्थान है, यह आपको कण कण में श्री राम मय कि अनुभूति होगी|

1.5.2 अनुकरणीय

यहाँ 'अ नुकरण' शब्द यूनानी (ग्रीक) भाषा के 'मिमेसिस' (Mimesis) के पर्याय रूप में प्रयुक्त हुआ है। 'मिमेसिस' का अंग्रेजी अनुवाद है - 'इमिटेशन' (imitation) किन्तु 'इमिटेशन' से 'मिमेसिस' का पूरा अर्थ व्यक्त नहीं होता, क्योंकि यूनानी भाषा के बहुत सारे शब्दों की अर्थवत्ता या अर्थछटा अंग्रेजी में यथावत् व्यक्त नहीं हो पाती।

हिन्दी में 'अनुकरण' अंग्रेजी के 'इमिटेशन' शब्द से रूपान्तर होकर आया है। अनुकरण का सामान्य अर्थ है- नकल या प्रतिलिपि या प्रतिछाया, जबकि वर्तमान सन्दर्भ में उसका मान्य अर्थ है- ''अभ्यास के लिए लेखकों और कवियों को उपलब्ध उत्कृष्ट रचनाओं का अध्ययन एवं अनुसरण करना।'' यूनानी भाषा में कला के प्रसंग में अनुकरण का व्यवहार अरस्तू का मौलिक प्रयोग नहीं है। अरस्तू से पूर्व प्लेटो ने अनुकरण का प्रतिपादन कविता को हेय तथा हानिकारक सिद्ध करने के हेतु किया था।

1.5.3 परिषदीय विद्यालय

सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों को सरकारी विद्यालय कहा जाता है। इसे हम कई चरण में देख सकते हैं सरकार क्लास 1 से लेकर और डिप्लोमा डिग्री आदि के लिए देश भर में सरकारी विद्यालय की योजन बना राखी है सबसे पहले क्लास 1 से 5 तक स्कूल बनाये गए जिसमें गरीब बच्चों को फ्री शिक्षा दी जाती हैं इसके बाद क्लास 6 से लेकर 8 क्लास तक स्कूल की व्यवस्था की है| हाई स्कूल व इण्टर की क्लास के स्कूल में कुछ सरकारी स्कूल होते हैं कुछ प्राइवेट स्कूल होते हैं इनके अलाव सरकार जो प्राइवेट स्कूल होते हैं उनमें सरकारी अध्यापक रखकर उन स्कूल को अर्ध सरकारी स्कूल के रूप में भी चलती है|

1.5.4 अध्ययन

अध्ययन एक कला हैं जिसमें एक मनुष्य कुछ करने, सिखाने आदि बातों को सीखता हैं|

1.6 अध्ययन के उद्देश्य

जीवन के सभी कार्य सोद्देश्य होते है क्यूंकि उद्देश्य के आभाव में जीवन दिशाहीन हो जाता है| किसी भी कार्य की सफलता उसके निर्धारित किए गए उद्देश्यों की स्पष्टता अध्ययन को सरल व सफल बना देती है| इसलिए प्रस्तुति अध्ययन में शोधकर्ता ने कुछ उद्देश्य निर्धारित किए है ताकि शोधकर्ता को सही दिशा मिल सके| प्रस्तुत अध्ययन के उद्देश्य निम्न है-

- परिषदीय विद्यालय का निम्न सन्दर्भ में अध्ययन
- परिचयात्मक विवरण
- विशेषताएँ
- उपलब्धियाँ

1.8 अध्ययन का परिसीमांकन

- ✓ प्रस्तुत अध्ययन में परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता व विद्यालय परिवेष को सम्मिलित किया गया है|
- ✓ प्रस्तुत शोध में केवल चित्रकूट जनपद के परिषदीय विद्यालय को सम्मिलित किया गया है|

1.9 अध्ययन का महत्व एवं सार्थकता

शिक्षा प्रणाली ने राष्ट्र को ऐसे घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है जहाँ शिक्स्जा जिनादगो जीने का नही अपितु रोने का पाठ पढ़ातीहै इससे बचने के परिषदीय विध्यालय के उअदय की आवश्यकता पड़ी है| ध्वस्त हुई शिक्षा प्रणाली को पुन: जीवित किये बिना भारतीय शिक्षा में सुधार असम्भव है तभी परिषदीय की स्थिति को सुधार कर शिक्षा की गुणवत्ता को बचा पायेंगे|

उपरोक्त कथन के आलोक में परिषदीय विद्यालय शिक्षा में आप अपने आप को कितना समाहित करते है, कितना महत्व देते हैं तथा इनसे सम्बन्धित सामने क्या समस्याएँ आती है, इसके क्या लाभ है आदि को ज्ञात करना ही अध्ययन का मूल्य ध्येय है|

द्वितीय अध्याय

सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण

- ❖ प्रस्तावना
- ❖ अध्ययन से सम्बन्धित कतिपय शोध कार्य
- ❖ अध्ययन से सम्बन्धित समाचार एवं लेख इत्यादि
- ❖ समीक्षात्मक निष्कर्ष

द्वितीय अध्याय

सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण

2.1 प्रस्तावना

यह तो सर्वविदित है कि शोध एक चरणबद्ध प्रक्रिया है, एवं यह भी सत्य है कि उपलब्ध ज्ञान में अत्यंत तीव्र गति से वृद्धि हो रही है अत: यदि उसके लिए स्वयं को उपलब्ध ज्ञान के सम्बन्ध में अद्यतन बनाए रखना आवश्यक हो जाता है|

साहित्य अध्ययन प्रत्येक अनुसंधान प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम है, वस्तुतः साहित्य का अध्ययन एक कठोर परिश्रम का कार्य है, प्रत्येक अनुसंधानकर्ता का अनुसंधान में साहित्य का अध्ययन एक अनिवार्य और प्रारम्भिक कदम है, मानविकी विषयों में तो साहित्य पुनरावलोकन के बिना अनुसंधान कार्य नहीं हो सकता है, अतीत अनुभवों का लाभ उठाते हुए अपनी यात्रा की सीढ़ियों की ओर अग्रसर होता है, मानव संचित ज्ञान के आधार पर पुराने अनुभवों एवं आदर्शों के सहारे बहुत-सी असफलताओं और निराशा से मुक्त रहता है, मानव का समस्त संचित गया विवेकपूर्ण क्रमबद्ध ढंग से हो सके प्रत्येक नई पीढ़ी को धरोहर के रूप में प्राप्त होता है, एवं उसी के आधार पर अपने स्तर से आगे बढ़ते है, जब तक हमें इस बात का ज्ञान नहीं होगा, कि जिस क्षेत्र को हमने शोध कार्य के लिए चुना है, और क्षेत्र में कितना अध्ययन शोध कार्य हो चुका है, किन साधनों की मदद से किस कार्य को किया गया है, और उसके क्या परिणाम निकले है, तब तक हम उस क्षेत्र में कोई नया कार्य या नया शोध करने में असमर्थ रहेंगे|
ऐतिहासिक अन्वेषण में समस्या से उपलब्ध संपूर्ण सामग्री चार्ट, पत्रों, लेख आदि के रूप में मीमांसा करना हो अनिसंधान का मुख्य कार्य क्षेत्रीय अध्ययनों में जहाँ उअप्लब्ध उपकरणों तथा नविन स्वनिर्मित उपकरणों का उपयोग तथा स्व संकलन का कार्य होता है, वह समस्या से सम्बन्धित समस्त साहित्य का अध्ययन अनुसंधान का प्रत्मिक आधार तथा अनिसंधान के गुणात्मक स्तर के निर्धारण में एक महत्वपूर्ण कारक है|

2.2 शोध अध्ययन से सम्बन्धित कतिपय शोध कार्य

सम्बन्धित साहित्य के अवलोकन हेतु विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं, लघुशोध,शोध प्रबन्ध, शैक्षिक सर्वेक्षण का अध्ययन किया गया है प्रस्तुत अनुसंधान का विवरण निम्न प्रकार से है-

(1) नरेन्द्र कुमार सिंह (2000) ने अनुसूचित जाति के संदर्भ में प्राथमिक स्तर पर बालिका शिक्षा की स्थिति: एक अध्ययन पर शोध कार्य किया| बालिका शिक्षा के प्रति अधिकांश माता-पिता का दृष्टिकोण सकारात्मक होते हुए भी अनेक समस्याएं हैं| उनमें कुछ प्रत्यक्ष रुप में हैं, जैसे- किताब, ड्रेस इत्यादि! और कुछ अप्रत्यक्ष रूप में लड़की 10 साल

के लगभग हो जाती है, तो वह घर पर बच्चों के खिलने के अलावा उनकी गरीबीपन को दूर करने में माता-पिता के साथ बड़े लोगों के यहाँ काम पर जाती है| शिक्षा नि:शुल्क होने का बाद भी बालिकायें घर में रोजो-रोटी की आवश्यकतायें पूर्ति करने में सहयोग के कारण जिस अनुपात में अनुसूचित जाति की बालिकाओं की प्रगति होनी चाहिये, नहीं हो सकी|

(2) प्रभा भट्ट (2016) ने माध्यमिक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के विध्यार्थियों की समस्या समाधान की योग्यता पर बुद्धि,आत्मसंकल्पना, समयोजन तथा तार्किक योग्यता का प्रभाव पर शोध कार किया| माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों की समस्या समाधान योग्यता पर विद्यालय के प्रकार को कोई सार्थक प्रभाव नहीं है, जबकि बुद्धी, आत्मसंकल्पना, समायोजन, तार्किक योग्यता को सह चर के रूप में लिया गया है|

(3) रोशनी (2017) ने अध्यापक शिक्षा के नवाचार एवं उनकी चुनौतियों का राजस्थान के संदर्भ में विश्लेषणात्मक अध्ययन पर शोध कार्य किया| राजस्थान में अध्यापक शिक्स्षा एक उत्पादीय संस्थान सा अस्तित्व उसके हितधारी वर्गों की आवश्यकताओं व अपेक्षाओं से युक्त है| वर्तमान के उत्पाद के केन्द्र में उसका हितधारी होत्या है| ऐसे में शिक्षक की आवश्यकता, निर्णय एवं अपने समग्र परिवेश में उनकों संचानल को हितधारी वर्गों की मांगों के अनुरूप रखना आज के युग की सबसे बड़ी आर्थिक व सामाजिक चुनौती है|

(4) बरनवाल जयशंकर (2006) ने ग्रामीण विकास में नवाचार की भूमिका: "तहसील मेहंनगर आजमगढ़, का भौगोलिक विश्लेषण पर शोध कार्य किया है| वर्तमान में क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं के साथ उसमें विद्यमान कमियों को रेखांकित करते हुए भावी योजनाओं के समन्वयन पर विशेष बल देने की आवश्यकता है कृषि, लघु ईवा कुटीर उद्योग तथा परिवहन व संचार के विकास हेतु विवेकपूर्ण नियोजन में इन, अवययों के विभिन्न पक्षों पर साथ-साथ विचार करते हुए, क्षेत्र के संतुलित विकास को ध्यान में रखकर भावी स्वरूप को निश्चित करने का प्रयास किया गया है|

2.3 अध्ययन से सम्बन्धित समाचार एवं लेख इत्यादि

गाँव कनेक्सन नामक पत्रिका में 30नवम्बर 2018 को चित्रकूट के इस विद्यालय में प्रधानाचार्य की कोशिशों से आया बदलाव, खुबसूरत परिसर के लिए पुरे जनपद में अलग पहचान नामक शीर्षक से प्रकाशित किया गया है|

चित्रकूट के इस स्कूल में प्रधानाध्यापक की कोशिशों से आया बदलाव, खूबसूरत परिसर के लिए पूरे जनपद में है अलग पहचान

चित्र संख्या 2.1 गाँव कनेक्सन

बाँदा, संस्करण, दैनिक जागरण 21 अगस्त 2018, एक स्कूल जहाँ रविवार को भी होती है पढाई शीर्षक से प्रकाशित किया गया|

चित्र संख्या 2.2 दैनिक जागरण

2.4 समीक्षात्मक निष्कर्ष

सैद्धांतिक व अनुभाविक आधार का, जिससे समस्या उत्पन्न हुई संक्षिप्त विवरण होना चाहिए| इस कार्य के लिए दोनों वैचारिक व अनुसंधान साहित्य की समीक्षा होनी चाहिए| समस्या के सम्बन्धित नए से नए अनुसंधान की प्रवृत्ति का भी इसमें लेखा होना चाहिए| अनुसंधानकर्ता को यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि विद्यमान साहित्य में उसकी समस्या जड़ें हैं, बस उन पर और अनुसंधान करने व पता लगाने की आवश्यकता है| पूर्व में किए गए अनुसंधान के विश्लेषण से पहले ही, किए जा चुके कार्य को दोहराने का जोखिम नहीं रहता और इससे परिकल्पना के संरूपण का आधार मिलता है| मेरा यह शोध "चित्रकूट जनपद के अनुकरणीय परिषदीय विद्यालय: एक अध्ययन" एक अनुकरणीय शोध है, इसके पूर्व इस विषय पर शोध कार्य नहीं किया गया है|

तृतीय अध्याय

शोध अध्ययन की प्रक्रिया

- प्रस्तावना
- शोध विधि
- अध्ययन समष्टि
- प्रतिदर्श चयन की विधियाँ
- शोध उपकरण

तृतीय अध्याय

शोध अध्ययन की प्रक्रिया

3.1 प्रस्तावना

अनुसंधान, आकल्पन अनुसंधान की एक ऐसी संरचना या योजना है, जिसे अनुसंधान प्रश्नों के उत्तर प्राप्ति के लिए प्रस्तुत किया जाता है| यह आकल्पन अध्ययन के संचालन हेतु प्रयुक्त विधियों का विवरण प्रस्तुत करता है, जिसके अन्तर्गत कब, कहाँ किन दशाओं में प्रदत्त प्राप्त किया जायेगा इसका उल्लेख होता है| दुसरे शब्दों में अनुसंधान आकल्पन इंगित करता है, कि किन विषयों पर किस प्रकार अनुसंधान सम्पन्न किया जाता है, तथा प्रद्त संकलन के लिये किन विधियों का प्रयोग किया जाता है| किसी भी कार्य को पूरा कर लेने के लिये उसकी पूर्व योजना बना लेना उचित होता है, जिससे न केवल कार्य में लगने वाला श्रम, धन, समय में मितव्ययता आती है, वरन कार्यों में भी वृद्धि होती है| अनुसंधान अकल्पना के अभाव में शोध कार्य अभियोजित, विचारहीन तथा उस भटके राही की भाँती है, जो अपने लक्ष्य तक पहुँचाने के साधन तथा मार्गों से अनभिज्ञ होता है| वैज्ञानिक शोध की प्रक्रिया के तीसरे सोपान में शोध प्रारूप तैयार किया जाता है| शोध की रूपरेखा, नियोजन को शोध प्रारूप कहते हैं, जो न्यादर्श की प्रविधि पर आधारित होता है|

3.2 शोध विधि

प्रस्तुत समस्यात्मक शोध में वर्णनात्मक विधि के अन्तर्गत केस अध्ययन का भी प्रयोग किया जाता है, क्योंकि इतिहास किसी भी क्षेत्र में अतीत की घटनाओं का एकीकृत वर्णन है|

वर्तमान की समस्याओं को हल करने के लिए, अतीत के अनुभवों से लाभ उठाना ऐतिहासिक अनुसंधान की उपयोगिता का तर्क संगती प्रदान करता है| अतीत केवल अतीत ही नहीं वर्त्तमान को समझने की कुंजी है|

वर्णनात्मक अनुसंधान विधि

शिक्षा तथा मनोविज्ञान सम्बन्धी अनुसंधान के क्षेत्र मने वर्णनात्मक अनुसंधान का सबसे अधिक महत्व है और यह बड़े व्यापक रूप में व्यवहार में आता है|

जॉन डब्ल्यू. बेस्ट. के अनुसार, ''वर्णनात्मक अनुसंधान 'क्या है', का वर्णन एवं विश्लेषण करता है| परिस्थितियों अथवा सम्बन्ध जो वास्तव में वर्तमान है, अभ्यास जो चालू है, विश्वास, विचारधारा अथवा अभिवृत्तियाँ जोपाई जा रही हैं,

प्रक्रियाएँ जो चल रही है, अनुभव जो प्राप्त किये जा रहे है अथवा नई दिशाएँ जो विकसित हो रही है, उन्हीं से इसका सम्बन्ध है|

केस अध्ययन बिधि

इस प्रकार का अवलोकन अनुसंधान किसी व्यक्ति या उनके व्होते समूह के अध्ययन पर आधारित होता है| इस मामले में, हम अध्ययन के विषयों के विभिन्न अनुभवों और व्यवहारों के बारे में गहराई से जाँच करते हैं|

3.3 अध्ययन समष्टि

अध्ययन जनसंख्या से तात्पर्य अध्ययन के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु वांछित निरीक्षणों से सम्बन्धित ईकाइयों की कुल संख्या से है| वर्तमान अध्ययन के संदर्भ में अध्ययन की मूल जनसंख्या जिसमें वांछित सूचनाएं संकलित करनी है वह है- चित्रकूट जनपद के परिषदीय विद्यालय में 7 विद्यालय अनुकरणीय पाये गए|

जनपद चित्रकूट में कुल 1434 परिषदीय विद्यालय हैं, जिसमें प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय शामिल है|

प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 987, जिसमें 12 विद्यालय चित्रकूट नगर क्षेत्र के हैं व 975 विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के शामिल है|

उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 447, जिसमें 7 विद्यालय चित्रकूट नगर क्षेत्र के हैं व 440 विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के शामिल है|

जिसमें कुछ विद्यालय अनुकरणीय है जिनका चयन न्यादार्ष के रूप में किया गया है जो निम्नलिखित हैं-

क्रं० सं०	**अनुकरणीय परिषदीय विद्यालय**
1	प्राथमिक विद्यालय गडरियन पुरवा खरौंध क्षेत्र-मानिकपुर (चित्रकूट)
2	प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर रूरल क्षेत्र- मानिकपुर (चित्रकूट)
3	पूर्व माध्यमिक विद्यालय करौंदी कला क्षेत्र-रामनगर (चित्रकूट)
4	पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोलगदाहिया क्षेत्र व जनपद-चित्रकूट
5	पूर्व माध्यमिक विद्यालय खरैहा क्षेत्र व जनपद-चित्रकूट
6	पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरैयाँ-1 मानिकपुर (चित्रकूट)
7	पूर्व माध्यमिक विद्यालय गढ़चपा क्षेत्र- मानिकपुर (चित्रकूट)

चित्र संख्या 3.3 अनुकरणीय विद्यालय

जनपद चित्रकूट के ब्लाक

क्र. सं.	ब्लाक	विद्यालय
1	**Karwi**	03
2	Mau	00
3	Pahari	00
4	**Ramnagar**	01
5	**Manikpur**	04

चित्र संख्या 3.4 **जनपद चित्रकूट के ब्लाक**

चित्रकूट जनपद मानचित्र

चित्र संख्या 3.5 **चित्रकूट जनपद मानचित्र**

3.4 प्रतिदर्श चयन की विधियाँ

प्रतिदर्श से तात्पर्य चयन तथा अनुमान लगाना दो सम्मिलित क्रियाओं से हैं, प्रतिदर्श ऐसा होना चाहिये जिससे जनसंख्या के बारे में अनुमानों में कम से कम त्रुटी हो| इसे सामान्य रूप दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है|

3.4.1 सम्भाव्य प्रतिदर्श

प्रतिदर्श के चयन में जब किसी ऐसी विधि का प्रयोग किया जाता है जिसमें जनसंख्या के प्रतिधित्व की सम्भावना होती है उसे सम्भाव्य प्रतिदर्श की संज्ञा दि जाती है|

3.4.2 असम्भाव्य प्रतिदर्श

जब प्रतिदर्श के चयन में सम्भावना का कोई स्थान नहीं होता उसे असम्भाव्य प्रतिदर्श कहते हैं| इसमें जनसंख्या और प्रतिदर्श एक ही होते हैं|

3.5 शोध उपकरण

एक शोधकर्ता को आंकड़ों का संकलन करने के लिए उपकरणों की आवश्यकता होती है| प्रत्येक उपकरण शोध से सम्बन्धित सूचनाओं का संकलन करने एवं परिकल्पनाओं की जाँच करने के लिए उपयुक्त होना चाहिए, क्यूँकी उनकी उपयुक्तता, वैधता व विश्वसनीयता पर ही प्रदत्तों की विश्वसनीयताव वैधता निर्भर करती है| उपकरण वे ठोस साधन हैं, जिन्हें शोध या सर्वेक्षण कार्य में स्वहायक माना जाता है|

- प्रमापीकृत उपकरण
- अप्रमापीकृत उपकरण

3.5.1 प्रमापीकृत उपकरण

सामान्य रूप से प्रमापीकृत परिक्षण वह है जिसमें विषय-वस्तु, विधि, निष्कर्ष आदि निश्चित होते हैं तथा मानक निर्धारित किये गए होते हैं|

3.5.2 अप्रमापीकृत उपकरण

ऐसे उपकरण जिनका शोधकर्ता स्वयं निर्माण करता है तथा जिसका मानक निर्धारित नहीं होते अप्रमापीकृत उपकरण कहलाते हैं|

चतुर्थ अध्याय

चित्रकूट जनपद के अनुकरणीय परिषदीय विद्यायल

- प्राथमिक विद्यालय गडरियन पुरवा खरौंध क्षेत्र-मानिकपुर (चित्रकूट)
- प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर रूरल क्षेत्र- मानिकपुर (चित्रकूट)
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय करौंदी कला क्षेत्र-रामनगर (चित्रकूट)
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोलगदाहिया क्षेत्र व जनपद-चित्रकूट
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय खरैहा क्षेत्र व जनपद-चित्रकूट
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरैयाँ-1 मानिकपुर (चित्रकूट)
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय गढ़चपा क्षेत्र- मानिकपुर (चित्रकूट)

बच्चों को स्कूल
अच्छा नहीं लगता है
परन्तु बच्चों के जीवन को
स्कूल ही अच्छा बनाता हैं.

चतुर्थ अध्याय

चित्रकूट जनपद के अनुकरणीय परिषदीय विद्यालय

4.1 प्राथमिक विद्यालय गड़रियन पुरवा, खरौंध, क्षेत्र-मानिकपुर (चित्रकूट)

चित्र संख्या 4.6 प्राथमिक विद्यालय गड़रियन पुरवा, खरौंध

प्राथमिक विद्यालय गड़रियन पुरवा खरौंध की स्थापना 1961 में हुई थी और इसका प्रबन्धन शिक्षा विभाग करता है। यह ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। यह उत्तर प्रदेश के जनपद चित्रकूट के मानिकपुर ब्लॉक में स्थित है। स्कूल में 1 से 5 तक कि कक्षायें चलती हैं। यह विद्यालय हिन्दी माध्यम में चलता है| इस स्कूल में शैक्षणिक सत्र अप्रैल में शुरू होता है। विद्यालय के निर्देशात्मक उद्देश्यों के लिए 3 क्लासरूम हैं। सभी क्लासरूम अच्छी स्थिति में हैं। इसमें गैर-शिक्षण गतिविधियों के लिए 2 अन्य कमरे हैं। स्कूल में हेड मास्टर/टीचर के लिए एक अलग कमरा है। स्कूल में इलेक्ट्रिक कनेक्शन है। स्कूल में पीने के पानी का स्रोत नल का पानी है और यह कार्यात्मक है। स्कूल में लड़कों व लड़कियों के अलग-अलग शौचालय है जो कार्यात्मक है। स्कूल में शिक्षण और सीखने के उद्देश्यों के लिए कोई कंप्यूटर नहीं है। स्कूल परिसर में मध्यान्ह भोजन तैयार किया जाता है|

जनपद चित्रकूट में प्राथमिक विद्यालय खरौंध का स्थान अद्वितीय है| जनपद चित्रकूट में कुल 1434 परिषदीय विद्यालय में यह विद्यालय एक अनुकरणीय विद्यालय है| इस विद्यालय ने बाल क्रीड़ा व शिक्षक सम्मान पुरस्कार प्राप्त कर विशिष्ट ख्याति प्राप्त की है ||

अवस्थिति- यह उत्तर प्रदेश के जनपद चित्रकूट के मानिकपुर ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है।

अक्षांश- 25.153472 **देशांतर-** 80.7398436

चित्र संख्या 4.7 प्राथमिक विद्यालय गड़रियन पुरवा, खरौंध गूगल मैप

चित्र संख्या 4.8 प्राथमिक विद्यालय गड़रियन पुरवा, खरौंध अवस्थिति मानचित्र

छात्र नामांकन- छात्रों का नामांकन 2013 से पहले 43 था, जो आज बढ़ कर 205 हो गया है| 205 छात्रों में लगभग 190 छात्र प्रतिदिन उपस्थित होते हैं |

विद्यालय परिवार (2019-20)

प्रधानाचार्य- श्री कल्याण सिंह (वर्ष-2013 से अद्यतन कार्यरत)

सहायक अध्यापक- विनय कुमार सिंह, राज करन यादव

परिचारक- साधना मिश्रा

चित्र संख्या 4.9 विद्यालय परिवार

विद्यालय प्रबंध समिति- इस विद्यालय में प्रबंध समिति का भी गठन किया गया है जो इस प्रकार है-

चित्र संख्या 4.10 विद्यालय प्रबंध समिति

विद्यालय की विशिष्टतायें- विद्यालय का माहौल बहुत ही सुन्दर है| विद्यालय की सभी कक्षाओं की दीवारों पर आकर्षक लेखन का उपयोग किया गया है, जो अति मनमोहक है|

पुरस्कार

- उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रधानाचार्य के उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक सम्मान समारोह 2016, तत्कालीन D.M शिवा कान्त दुबे द्वारा दिया गया|

चित्र संख्या 4.11 शिक्षक सम्मान समारोह 2016

- क्षेत्रीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता मानिकपुर 2019-20 के विजेता

चित्र संख्या 4.12 मिनी बाल क्रीड़ा विजेता शिल्ड

कक्षा-कक्ष में आकर्षक भित्तिय लेखन-विद्यालय की समस्त कक्षाओं में आकर्षक भित्तिय लेखन का उपयोग किया गया जैसे- फलों के नाम, सब्जियों के नाम, चिड़ियों के नाम, सोलर सिस्टम एवं प्राकृतिक सौन्दर्य को दर्शाया गया है|

चित्र संख्या 4.13 कक्षा-1 में आकर्षक भित्तिय लेखन

चित्र संख्या 4.14 कक्षा-4 में आकर्षक भित्तिय लेखन

चित्र संख्या 4.15 प्रार्थना स्थल पर आकर्षकभित्तिय लेखन

टिफिन वितरण- प्रधानाचार्य द्वारा सभी अध्ययन रत विद्यार्थियों को अंक-पत्र के साथ भोजन के लिए एक-एक टिफिन दिया जाता है जो प्रधानाचार्य जी की तरफ से सप्रेम भेंट के रूप में दिया जाता है|

चित्र संख्या 4.16 टिफिन वितरण

4.2 प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर रूरल, क्षेत्र- मानिकपुर (चित्रकूट)

चित्र संख्या 4.17 प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर रूरल

प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर रूरल की स्थापना 2006 में हुई थी और इसका प्रबन्धन शिक्षा विभाग करता है। यह ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। यह उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के मानिकपुर ब्लॉक में स्थित है। स्कूल में 1 से 5 तक की शिक्षा दी जाती है। यह विद्यालय हिन्दी माध्यम में चलता है। इस स्कूल में शैक्षणिक सत्र अप्रैल में शुरू होता है। विद्यालय के निर्देशात्मक उद्देश्यों के लिए 4 क्लासरूम हैं। सभी क्लासरूम अच्छी स्थिति में हैं। इसमें गैर-शिक्षण गतिविधियों के लिए 2 अन्य कमरे हैं। स्कूल में हेड मास्टर / टीचर के लिए एक अलग कमरा है। स्कूल में इलेक्ट्रिक कनेक्शन है। स्कूल में पीने के पानी का स्रोत हैंड पम्प हैं और यह कार्यात्मक है। स्कूल में लड़कों व लड़कियों के अलग-अलग शौचालय है जो कार्यात्मक है। स्कूल में एक खेल का मैदान है। स्कूल में एक पुस्तकालय है और उसके

पुस्तकालय में 55 पुस्तकें हैं। स्कूल में कंप्यूटर एडेड लर्निंग लैब नहीं है। स्कूल परिसर में मध्यान्ह भोजन तैयार किया जाता है|

अवस्थिति- यह उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के मानिकपुर ब्लॉक में ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है।

अक्षांश- 25.0620765 **देशांतर-** 81.0949834

चित्र संख्या 4.18 प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर रूरल, गूगल मैप

चित्र संख्या 4.19 प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर रूरल, अवस्थिति मानचित्र

विद्यालय परिवार

प्रधानाचार्य- श्री चन्द्रशेखर आजाद(2006)

सहायक अध्यापक- श्री नागेन्द्र सिंह, श्री धर्मेन्द्र प्रजापति, स्वेता पटेल

परिचारक- श्री राकेश सिंह

विद्यालय की विशिष्टताएं- यह विद्यालय कोल जनजाति के बच्चों के लिए एक वरदान के स्वरूप कार्य कर रहा है| क्यूँकी यहाँ पर अधिकतर बच्चे कोल जनजाति के शिक्षा ग्रहण करते हैं| इनसे कई बच्चे शिक्षा ग्रहण कर नवोदय विद्यालय में प्रवेश ले चुके हैं| नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी प्रधानाचार्य जी स्वयं बच्चों को नि:शुल्क करवाते हैं, अन्य बच्चों की तरह अपने बच्चे को भी विद्यालय में पढ़ते हैं| 2019 में उदय वीर का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ यह भी कोल जनजाति का बालक है|

जो बच्चा अगर विद्यालय नहीं आता है, तो प्रधानाचार्य जी स्यमं जाकर उस बच्चे के माता-पिता से मिलकर कारण जानकार, उसके कारणों का निवारण कराकर उसे पुन: विद्यालय आने के लिए प्रेरित करते हैं| प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर रूरल में कोल जनजाति के बच्चों की आधिकता के कारण यह विद्यालय विशिष्ट ख्याति प्राप्त की है|

छात्र नामांकन- चन्द्रशेखर आजाद जी ने जब इस विद्यालय का कार्यभार संभाला तब यहाँ का नामांकन संख्या 05 थी, आज यह नामांकन संख्या बढ़ कर123 है, जिसमें लगभग 115 बच्चे प्रतिदिन उपस्थित ही पाए जाते हैं|

छात्राख्या माह- अगस्त (2020)

प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर रूरल क्षेत्र- मानिकपुर (चित्रकूट)

संकुल- उमरी

वर्ग	**सामान्य**			**अनु०जाति**			**पि० जाती**			**अल्पसंख्यक**			**योग**		
कक्षा	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
1	-	3	3	6	5	11	-	1	1	3	2	5	10	11	21
2	-	-	-	8	14	22	-	4	4	3	2	5	11	20	31
3	-	1	1	5	6	11	3	3	6	-	1	1	8	11	19
